





# सूखे की आहट के बीच जिले से रूठे बादल

## आषाढ़ के बाद अब सावन में वर्षा की उम्मीद, लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो पाई खरीफ की बोनी, खराब हो रहा धान का रोपा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, प्रदेश के अन्य जिलो में जहा बारिश हो रही है वहीं विंध्य में सूखे की आहट है. लक्ष्य के अनुरूप खरीफ की बोनी नही हो पाई है. पानी के अभाव में किसान धान की रोपाई नही कर पा रहे है. धान का जो रोपा डाला गया था वह सूखने लगा है. कुछ किसान मोटर पम्प के सहारे खेत में पानी भर कर धान की रोपाई करने में लगे हुए है. जिले में अभी तक बहुत कम वर्षा हुई है जो कि सामान्य से बहुत कम है.**



जिले में लक्ष्य के अनुरूप धान की बोनी नही हो पाई है, इसका सिर्फ कारण बारिश है. पूरे आषाढ़ में बारिश नही हुई किसान वर्षा के इंतजार में बैठे रहे. कुछ लोगो ने खेतों में छीट कर धान की बोनी कर दी थी. लेकिन जिन्हे धान का रोपा लगाना है वह वर्षा के इंतजार में अभी भी है. अगर जल्द ही वर्षा नही होती तो धान का रोपा खराब हो जाएगा. धान की बोनी का जो लक्ष्य दिया गया था वह पूरा नही हुआ है केवल 15 दिन का समय बचा है इसके बाद किसान धान की रोपाई नही करेगे. रिमझिम बारिश के बीच जिले में अभी तक 150 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि में 482.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. किसानों को धान की बोवाई के लिये वर्षा का इंतजार है. गुढ़ तहसील में सबसे ज्यादा वर्षा हुई है, जबकि त्योंथर में सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है. त्योंथर क्षेत्र में ही सबसे ज्यादा धान का उत्पादन होता है. जिले भर के किसान बोनी को लेकर परेशान है, आषाढ़ का महीना बीतने के बाद अब सावन में झमाझम बारिश की उम्मीद है. हालत यह है कि इस समय तापमान 35 डिग्री रहता है और बूंदाबांदी के अलावा झमाझम बारिश नही हो रही है. सावन भी लग चुका है सावन के दूसरे दिन तेज धूप रही कहीं बारिश नही हुई.

### जिले में एक लाख 93 हजार हेक्टेयर में हुई बोनी

जिले में वर्तमान खरीफ फसल में अब तक एक लाख 93 हजार 610 हेक्टेयर में फसलों की बोनी हुई है. इस वर्ष के लिए अनुमानित लक्ष्य के अनुसार ज्वार, मक्का, बाजरा, कोदौ, अरहर, मूंग, उड़द तथा तिल की लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत बोनी हो चुकी है. उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया जिले में खरीफ फसल के लिए इस वर्ष दो लाख 57 हजार 110 हेक्टेयर में फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया था. अब तक एक लाख 93 हजार 610 हेक्टेयर में फसलों की बोनी हो चुकी है. धान को छोड़कर लगभग सभी फसलों की बोनी हो चुकी है. धान की रोपाई के लिए किसान गहरी बारिश का इंतजार कर रहे हैं. इस वर्ष धान के लिए दो लाख 38 हजार 500 हेक्टेयर में बोनी का लक्ष्य रखा गया है. अब तक लगभग एक लाख 75 हजार हेक्टेयर में धान की बोनी हो चुकी है. यह लक्ष्य का 73 प्रतिशत है.

### गत वर्ष हुई थी 2 लाख 56 हजार 790 हे. में बोनी

गत वर्ष जिले में दो लाख 56 हजार 790 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोनी की गई थी. गत वर्ष धान का रकबा दो लाख 40 हजार 120 हेक्टेयर था. उप संचालक ने बताया कि अब तक जिले में ज्वार 360 हेक्टेयर, मक्का 90 हेक्टेयर, बाजरा 120 हेक्टेयर, कोदौ 4150 हेक्टेयर में बोया गया है. जिले में अरहर 3950 हेक्टेयर, मूंग 2550 हेक्टेयर, उड़द 5400 हेक्टेयर तथा तिल 1860 हेक्टेयर में बोया गया है. अच्छी वर्षा होने पर धान की भी लक्ष्य से अधिक बोनी हो जाएगी.

## कमिश्नर ने निर्माण कार्य की धीमी गति पर लगाई फटकार, शोकाज नोटिस के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, हाउसिंग बोर्ड एवं जल संसाधन विभाग के सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं. जहां पर निर्माणाधीन कार्य को पूरा करने में समय लग रहा है वहां पर अतिरिक्त संसाधन बढ़ाकर निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण किया जाए.**



कार्य न करने वाले ठेकेदारों का पेमेंट रोक कर उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया जाए. उक्त निर्देश रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने शुक्रवार को आयोजित जल संसाधन विभाग, हाउसिंग बोर्ड, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए.

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने उपस्थित उक्त सभी विभागों के ठेकेदारों को स्पष्ट हिदायत दी कि वे सभी निर्माणाधीन कार्य को गंभीरता से लेते हुए सभी निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें. कमिश्नर ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में हीला हवाली करने वाले और सुस्त गति से कार्य करने वाले ठेकेदार को नोटिस देकर ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई प्राथमिकता से की जाए और आवश्यकता पड़ने पर सभी का पेमेंट भी रोक दिया जाए. कमिश्नर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने की है. इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कमिश्नर ने निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी एवं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए. कमिश्नर ने चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार पर अधिकारियों एवं कॉन्टैक्टरों की जवाबदेही तय की जाएगी. उन्होंने वर्षा ऋतु समाप्त होते ही नहर निर्माण एवं मरम्मत का कार्य, माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं, रोड डेवलपमेंट के कार्य एवं शासकीय आवास, रेस्ट हाउस, लाइब्रेरी एवं अन्य निर्माण कार्य जो रुके हुए हुए हैं उन्हें बारिश के पश्चात पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए. कमिश्नर ने हाउसिंग बोर्ड के अन्य कार्यो की समीक्षा की.

## संक्षिप्त

### डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक

**रीवा,** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हर्दी के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है बाइक नंबर के आधार पर उसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं. घटना के संबंध में बताया गया की बाइक सवार युवक आज दोपहर मंनगवा बैकुंठपुर मार्ग के हर्दी के सभी तेज रफ्तार से जा रहा था इसी दौरान डिवाइडर से टकरा गया. जिससे वह बाइक सहित सड़क से दूर जा गिरा इस दौरान युवक क गंभीर रूप से घायल हो गया है. स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल का उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है पुलिस घायल युवक की पहचान के प्रयास कर रही है.

### नोडल अधिकारी तैनात

**रीवा,** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 7 अगस्त से 8 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जाएगा. अभियान में निर्धारित स्थल पर शिविर लगाकर आम जनता से संवाद कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की मानीटरिंग की जाएगी. लंबित आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया है कि अभियान के लिए शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है. ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी बनाया गया है. अभियान के संबंध में समस्त जानकारियों के संकलन और समन्वय के लिए डिप्टी कलेक्टर माइकल तिर्की को जिम्मेदारी दी गई है.



### हैहयवंशीय ताम्रकार समाज ने किया पौधरोपण

**रीवा,** पर्यावरण संरक्षण के पावन उद्देश्य से 'एक पौधा देश के नाम' अभियान के तहत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा परिसर के पार्क में फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर डॉ. आर. पी. तिवारी प्राचार्य, डॉ. संदीप पाण्डेय डीन छात्र कल्याण, अभय अग्रवाल अध्यापक, प्रहलाद ताम्रकार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व संभागीय प्रभारी, नंदलाल जिलाध्यक्ष, उमेश सहसचिव, कन्हैया मीडिया प्रभारी, तरुण सह-कोषाध्यक्ष, चंदन, सूरज ताम्रकार अध्यक्ष, अंकुश महामंत्री, करुणेश कोषाध्यक्ष, अभिजीत मंत्री, अजय, वृजेन्द्र गोलू आदि मौजूद रहे.



### पीटीएस में एसपी ने लगाया दरबार

**रीवा,** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार वैश्य के द्वारा सभी अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को आयोजित दरबार में संबोधित किया गया. 94 वां प्रशिक्षु नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2026-27 के प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई. उनके द्वारा प्रशिक्षण में अनुशासन बनाए रखने हेतु प्रशिक्षणार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए. भविष्य में अनुशासनहीनता करने व गैर हाजिर रहने पर विधि सम्मत कार्यवाहियां किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई. विभिन्न कमेटीयों- इसके साथ ही इंडोर, आउटडोर,मेस ,गेम्स,कल्चरल एवं क्रय समिति से उनके कार्यों के संबंध में चर्चा की गई. उनके द्वारा नवआरक्षक को बुनियादी प्रशिक्षण मार्गदर्शिका के संबंध में जानकारी दी गई. प्रशिक्षुओं की समस्याओं का समाधान भी किया गया तथा सवालों के संतोष जनक उत्तर देने वाले प्रशिक्षुआओं के लिए इनाम की घोषणा भी की गई.

### गढ्डों को पाटने में लगा नगर निगम

**रीवा,** शहर में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, जलभराव वाले स्थानों से पानी की निकासी तथा आवश्यक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर नगर निगम द्वारा पूरा किया जा रहा है. इसी क्रम में शुक्रवार को जोन क्रमांक 4 के वार्ड 26 बदरांव में रामसागर मोड़ सड़क के गढ्डे पाटे गये.

## चोरी कर ऑटो में सामान लेकर निकला चोर, रास्ते में पुलिस ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, शहर में निरंतर हो रही चोरी की घटनाओं के बीच एक ऐसा मामला सामने आया, जब चोर चोरी का सामान ऑटो में लेकर निकल रहा था, तभी पुलिस ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.**

फरियादी जाकिर खान निवासी निपनिया ने बताया कि बीती रात घर में उसकी पत्नी एवं बच्चे थे तभी आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. बताया गया की चोरी करने के बाद आरोपी सामान ऑटो में लोड़कर जा रहे थे, इस दौरान पीड़ित को जब चोरी की वारदात का आभास हुआ तो आसपास देखने पर पाया की उसके घर का सामान एक ऑटो मे लोड था. फिलहाल फरियादी के द्वारा इसकी सूचना डायल 112 को दी गई. जिस पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी संगम साकेत को सामान के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. बताया जा रहा है कि आरोपी घर के अंदर से पंखा, ड्रिल मशीन, लोहे की खिड़की, लोहे की छड़ साहित अन्य सामान चोरी करके जा रहे थे. बताया जा रहा है की पकड़ा गया आरोपी संगम साकेत आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ अन्य कई अपराधिक मामले पहले से दर्ज है. पीड़ित की सतर्कता से चोर माल सहित पकड़ा गया. अगर निकल जाता तो पकड़ पाना बेहद मुश्किल हो जाता.



## दूध और दूध से बने पदार्थो का लिया गया नमूना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, रीवा एवं मऊगंज जिले में अभियान चलाकर दूर एवं दूध से बने पदार्थ की जांच की जा रही है. रीवा में शुक्रवार को कई जगह दूध के सेम्पल लिये गये.**

दूध एवं दूध से बने पदार्थ की जांच हेतु कलेक्टर रीवा के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा शहरी रीवा एवं ब्लॉक स्तर पर नमूना संग्रहण एवं निरीक्षण का कार्य लगातार किया जा रहा है. नमूना निरीक्षण कार्यवाही के अंतर्गत राधे डेरी बजरंग गेट, महाकाल डेरी एसएएफ चौराहा, अमूल दूध के डिस्ट्रीब्यूटर सुमन श्री सेल्स रानीगंज, चचाई से सिमरिया क्षेत्र में दूध विक्रेता घनश्याम गौतम, रामलाल यादव,शिवदयाल, वासुदेव साहू, विनोद तिवारी बाबूलाल यादव से जहां हेतु दूध के नमूने लिए गए. जांच के दौरान चचाई क्षेत्र में स्थित दूध कलेक्शन सेंटर कन्हा दूध डेयरी बिना लाइसेंस की संचालित होती पाए जाने से डेयरी को सील कर दिया गया है एवं संचालक रविंद्र कश्यप के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है. डभौरा, अतरैला क्षेत्र में अतरैला डेरी, कृष्णा डेरी, सुनील मावा भंडार से दूध में मावा के नमूने जांच हेतु लिए गए. गुढ क्षेत्र में पांडे डेयरी एवं बेकरी तथा रीठी में न्यू जय डेयरी से दूध दही पनीर एवं मावा के नमूने जांच हेतु लिए गए.

## शराब दुकान हटाने को लेकर अनशन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, जिले के शासकीय प्राथमिक पाठशाला दुआरी और अनुसूचित जाति जनजाति बस्ती के पास संचालित शराब दुकान ग्रामीणों और मासूम बच्चों के लिए जी का जंजाल बन गई है.**

दुकान के आसपास दिन-रात असामाजिक तत्वों और शराबियों का डेरा जमा रहता है, जिससे स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय महिलाओं का जीना दूभर हो गया है. आए दिन होने वाले विवादों और दबंगई से तंग आकर ग्रामीणों ने कलेक्टर, आईजी, एसपी को आवेदन सौंपकर दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है. लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं हुई है. ग्रामीणों ने सौंपे गए ज्ञापन पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते 29 जुलाई की रात करीब 9 बजे बस्ती के एक नाबालिग बच्चे से शराब दुकान वालो ने जबरन शराब बिक्री का काम करवा. जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, तो दुकान संचालकों ने चार पहिया वाहन से गुंडों को भेजकर मारपीट करवाई और जान से मारने की धमकी दी. इस घटना के बाद से पूरी बस्ती में डर और दहशत का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जाय. अगर शराब दुकान बस्ती से नही हटाई जाती तो मजबूर होकर ग्रामीणों को आमरण अनशन पर बैठना पड़ेगा, जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी.

## डाक विभाग की योजना है लाभकारी

**रीवा, 31 जुलाई,** डाक अधीक्षक रीवा संभाग पुष्पेन्द्र सिंह ने डाक विभाग की आकर्षक योजनाओं की जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा भारत की सबसे पुरानी जीवन बीमा योजना है. यह भरोसेमंद सुरक्षा, कम प्रीमियम और आकर्षक बोनस के लिए जानी जाती है. अब इस पर जीएसटी शून्य प्रतिशत है जो इसे और अधिक किफायती बनाता है. केन्द्र सरकार ने डाक जीवन बीमा योजना का दायरा बढ़ा दिया है.

## रीवा पहुंची कलश यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में जन्म स्थली सीर गोवर्धन पुर वाराणसी से निकली कलश यात्रा का 30 जुलाई गुरुवार को रात्रि में रीवा आगमन हुआ.**

31 जुलाई को प्रातः 10 बजे राजनिवास रीवा से पूजा अर्चना के बाद उपस्थित सभी पदाधिकारी, मातृशक्ति व



आमजनों ने कलश का दर्शन कर पुष्प वर्षा किया. इसके बाद कलश यात्रा सतना जिले के लिए प्रस्थान किया जिसमें यात्रा राजनिवास कॉलेज चौराहा, जय स्तम्भ, ढेकहा, चोरहटा बेला होते हुए सतना जिलें में प्रवेश किया जहां जगह जगह कलश यात्रा का दर्शन कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ. इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी, प्रदेश मंत्री व विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष विन्ध्य विकास प्राधिकरण पंचूलाल प्रजापति, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र पाण्डेय, श्रीमती मनीषा पाठक, राजेश पाण्डेय, योगेन्द्र शुक्ला, महाबली गौतम, अनिल पटेल, जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत आदि मौजूद रहे.

## एसके त्रिपाठी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, नगर पालिक निगम रीवा में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन यंत्री ऋषिकेश त्रिपाठी, प्रभारी सहायक आयुक्त काशीनाथ साकेत एवं सहायक ग्रेड तीन इन्द्रभान वर्मा 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम में निगम आयुक्त अक्षत जैन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर निगम आयुक्त ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारी के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं. इस अवसर पर उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी एवं एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह तथा राजेश सिंह ने उनके साथ अपने कार्य अनुभव साझा किए एवं उनके सफल जीवन की कामना की.

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारी के भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं. समारोह के समापन पर उपयंत्री श्रीमती पूर्वी अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया. इस दौरान सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, पीएन शुक्ला, कमलेश्वर सिंह, रमेश सिंह मौजूद रहे.

## खाद का वितरण अब हाइब्रिड मोड से होगा : यूपी बागरी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया है कि ६जिले में ई विकास सिस्टम से खाद का वितरण किया जा रहा है. अब खाद का वितरण हाईब्रिड मोड में किया जाएगा.**

इससे किसानों को पारदर्शी तरीके से सुगमता से खाद का वितरण होगा. सभी खाद विक्रेताओं को उपलब्ध खाद की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करनी होगी. प्रत्येक खाद वितरण कंपनी आगामी आदेश तक खाद वितरण की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में दर्ज करेगी. प्रपत्र में किसान का आधार नम्बर, नाम, मोबाइल नम्बर, पूरा पता, उर्वरक कंपनी का नाम, विक्रय की गई खाद की मात्रा तथा खाद का नाम एवं ग्रेड लिखना आवश्यक होगा. इस विवरण को हाईब्रिड मोड में पोर्टल पर दर्ज करना आवश्यक होगा. सभी डबल लॉक सेंटर, एमपी एग्रो विक्रय केन्द्र तथा निजी खाद विक्रेता निर्धारित पंजी और प्रपत्र में दैनिक आधार पर खाद वितरण की जानकारी दर्ज करेंगे.

## रंगे हाथ पकड़ाए चोर ने उल्टा दर्ज करा दी रिपोर्ट, फरियादी को बना दिया आरोपी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, रीवा शहर में चोरी और सीना जोरी जैसी कहावत से मिलती जुलती एक घटना प्रकाश में आयी है.**

यहां आधी रात चोरी करते रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद मानवता के नाते छोड़े गए चोर ने सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को मनगढंत कहानी सुनाकर उल्टा शिकायत दर्ज करा दी. इतना ही नही उसने पुलिस को जो चोटे दिखाई वह भागने की कोशिश में गिरने से लगी और उन्हीं चोटो को मारपीट बताकर पुलिस को भी गुमराह कर दिया. फिलहाल मामले मे फरियादी आरोपी बन गया और आरोपी फरियादी बन गया. हालाकि इस मामले को लेकर आज पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने व फर्जी रिपोर्ट लिखाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है. दरअसल मामला शहर के बिछिया थाना क्षेत्र बिछिया मोहल्ले का है. घटना के संबंध में बिछिया निवासी अफसाना खान ने बताया कि बीते कुछ दिनों से मोहल्ले में लगातार घरों के बाहर खडे वाहनों पेट्रोल चोरी हो रहा था. घटना दिनांक की रात भी चोरी करने के इरादे से एक युवक पहुंचा, जिसके हाथ में प्लास्टिक का बॉटल था.

आधी रात चोर की आहट मिलते ही जैसे ही पीड़ित परिवार के लोग बाहर आए तो चोर भागने लगा, जिसे पकडकर पूंछताछ की गई तो उसने अपना नाम रईश खान बताया जो मोहल्ले का ही निकला. महिला के मुताबिक घटना के वक्त भागने की कोशिश में वह गिरकर घायल हुआ था, लेकिन मोहल्ले के नाते उसे समझाइस और हिदायत देकर छोड दिया गया और पुलिस को सूचना नहीं दी गई.

लेकिन दूसरे ही दिन पता चला कि चोरी करते पकडे गए युवक ने अपने परिवार के साथ थाने पहुंचकर उल्टा मारपीट व पैसे छीनने का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज करा दी.

## आवेदन 14 तक आमंत्रित

**रीवा, 31 जुलाई,** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रीवा में प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याखाताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं. इस संबंध में संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों को राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी तथा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है.